PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Thu, 18 May 2017, Page 10
Width: 54.02 cms, Height: 47.58 cms, a3r, Ref: 14.2017-05-18.80

वैश्विक बाधाओं के बावजूद बढ़ रहा है भारत का निर्यात : निर्मला

नई दिल्ली,17 मई (भाषा)।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि वैश्विक बाधाओं के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ रहा है और इस बात की कोशिश की जा रही है कि जीएसटी के कार्यान्वयन का इस पर किसी तरह का असर नहीं हो।

निर्मला ने इंटरव्यू में कहा कि सरकार विदेश व्यापार नीति में संशोधन करेगी ताकि उसे वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के अनुरूप किया किया जा सके। सरकार जीएसटी कार्यान्वयन एक जुलाई से करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

मंत्री ने कहा कि पिछले साल सितंबर से ही निर्यात लगातार बढ़ा है। उन्होंने कहा- मैं इसे इस बात को स्पष्ट संकेत के रूप में देखती हूं कि कि तमाम बाधाओं के बावजूद हमारा निर्यात बेहतर रहा है।' यह भारतीय निर्यात की हर तरह की वैश्विक व प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करने की क्षमता को दिखाता है।

निर्मला ने कहा- मुझे नहीं लगता कि अंतरराष्ट्रीय हालात में कोई बड़ा बदलाव आया है। भले ही कुछ अच्छे संकेत मिले हों और लोग विश्व व्यापार में सुधार की बात कर रह रहे हों, अन्य ने अभी इसे महसूस नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि इस तरह के माहौल के बावजूद घरेलू निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत 2020 तक 900 अरब डॉलर मूल्य के वस्तु व सेवा निर्यात के लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

विदेश व्यापार नीति की मौजूदा समीक्षा के बारे में निर्मला ने कहा कि जनवरी में शुरू हुई इस समीक्षा में मंत्रायल सभी पहलुओं पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा- हम सितंबर तक का इंतजार नहीं कर सकते। इसे तो जीएसटी के साथ ही करना होगा ताकि किसी तरह के संशय का असर निर्यात पर नहीं पड़े।

उल्लेखनीय है कि 2016-17 में भारत का वस्तु निर्यात 275 अरब डॉलर रहा जबकि सेवा निर्यात 3.4 फीसद बढ़कर 160.68 अरब डॉलर हो गया।